कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला–राजसमन्द(राज.)
Email: np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph. 02953-233526

क्रमांक : न.प.नाथ./निर्माण/21/9209 दिनांक : 15-2-2022

## –: जांच कमेटी रिपोर्ट :–

आज दिनांक 15.02.2022 को कार्य "Street lighting electrification & beautification work at Nathdwara Town" की गुणवत्ता रिपोर्ट जांच हेतु माननीय अध्यक्ष महोदय नगरपालिका नाथद्वारा की अध्यक्षता में गठित कमेटी के निम्न सदस्यों द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया :–

1. श्री रितेश पाटीदार, अधिशाषी अभियंता (विद्युत) नगर निगम, उदयपुर सदस्य सचिव
2. श्री चन्द्रमौहन कौशिक, सहायक अभियंता, नगरपालिका नाथद्वारा
3. श्री फतेहसिंह, सहायक अभियंता, नगरपालिका नाथद्वारा
4. श्री प्रतीक नामां, कनिष्ठ अभियंता, नगरपालिका नाथद्वारा
5. श्री कमलेश कुमावत, पार्षद वार्ड न0 33, नगरपालिका मण्डल नाथद्वारा
6. श्री गोपेश बागोरा, पार्षद वार्ड न0 23, नगरपालिका मण्डल नाथद्वारा

उक्त कमेटी द्वारा किये गये निरीक्षण की जांच रिपोर्ट निम्नानुसार हैं:–

1. कार्य स्थल पर निरीक्षण के दौरान मानव संसाधन को साइट इंजीनियर श्री विष्णुकांत सिंगोरिया के निर्देशन में काम करते पाया गया।
2. मौके पर जांच करने पर पाया गया कि फर्म द्वारा मानव संसाधन की संख्या में वृद्धि की गयी हैं हालांकि फर्म को बाहरी क्षेत्र में पोल खडे करने हेतु कार्य की गति में वृद्धि लाने हेतु अतिरिक्त मानव संसाधन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।
3. फर्म द्वारा पोल का एलाइमेन्ट सही कर दिया गया हैं जो संतोषप्रद पाया गया हालांकि नई रोड से नई हवेली तक जाने वाली रोड व रिसाला चौक पर 1 पोल का एलाइमेन्ट सही नहीं पाया गया जिस हेतु संवेदक को तीन दिवस में उक्त एलाइमेन्ट सही करने हेतु पाबन्द किया गया।
4. पोल की बेसप्लेट व फाउण्डेशन के मध्य मात्र केबल को खींचने हेतु जगह छोडी गयी हैं जो संतोषप्रद हैं।
5. मौका निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि अधिकतर स्थानों पर संवेदक द्वारा टर्मिनेशन सही कर दिये गये हैं हालांकि कुछ स्थानों पर फाउण्डेशन व केबल की ड्रेसिंग में सुधार की जरूरत हैं। जिस हेतु संवेदक को निर्देशित किया गया।
6. मौका निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर वॉल माउण्टेड ब्रेकेट को सप्लाई देने वाली टू–कोर केबल को फ्लेक्सीबल पाइप के अन्दर लेने का निर्देश दिया गया।
7. निरीक्षण के दौरान शहर के बाहरी प्रमुख मार्गों पर 120 वाट की लाइट लगाये जाने की आवश्यकता महसूस की गयी। आयुक्त महोदय के इस विषय पर चर्चा करने पर कार्य "Providing and fixing of street road light in Temple parikrama marg and dismantling of existing street light fixtures" के अंतर्गत स्टोर में जमा 120 वाट की लाईट्स आवश्यकतानुसार स्टोर शाखा से प्राप्त कर लगाये जाने हेतु स्टोर शाखा प्रभारी एवं संवेदक को निर्देश दिये गये।
8. शहर की आन्तरिक गलियां जहां पर एवीवीएनएल द्वारा केबल भूमिगत करने का कार्य नहीं किया गया हैं वहां स्ट्रीट लाइट बंद होने की समस्या आ रही थी जिसे संवेदक द्वारा वर्तमान में अस्थाई सप्लाई अथवा स्वीच देकर दूर किया गया हैं हालांकि उक्त क्षेत्रों में एवीवीएनएल से हुई वार्ता अनुसार पृथक सिंगल फेस व थ्री फेस मीटर व स्वीच पैनल लगाने की आवश्यकता हैं चूंकि कार्य की डीपीआर में पृथक रूप से शहर की आंतरिक गलियों व नवनिर्मित बागोल बाईपास में लगने



सहायक अभियन्ता
नगर पालिका नाथद्वारा (राज.)

अध्यक्ष
नगरपालिका, नाथद्वारा

वाले पैनल को शामिल नहीं किया गया था। अतः उक्त पैनल पृथक से कय किये जाने हेतु नियमानुसार प्रक्रिया अपनायी जाना प्रस्तावित हैं।

9. संवेदक द्वारा जहां ऑवरहेंग का व्यास 40एमएम से कम हैं वहां 40एमएम की निप्पल लगाये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी हैं व पोल के नये लोट में ऑवरहेंग का व्यास 40एमएम कर दिया हैं। श्रीनाथ जी के कटआउट में लगे होल्डर को पीवीसी की जगह ब्रास में परिवर्तित किया हैं व होल्डर की बेस प्लेट पर पॉलीकार्बोनेट शीट व रबर गैस्केट लगाकर इन्शुलेशन प्रदान किया गया हैं। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा पोल एवं लाइट की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया गया।
10. संवेदक द्वारा लगाये गये पोल के अन्दर स्थित श्रीनाथजी के कटआउट के अन्दर पूर्व में लगाये गये 0 वाट एलईडी बल्ब के स्थान पर 2 वाट एलईडी बल्ब लगाये जाने की सहमति प्रदान की गयी।
11. फौज मोहल्ला, सिहांड हनुमानजी व कर्मचारी कॉलोनी में पूर्व में की गयी निविदा के स्पेफिकेशन के अनुसार अन–आरमर्ड केबल बिछायी गयी हैं जिस कारण कुछ स्पान में केबल बर्स्ट होने की समस्या सामने आ रही हैं और इस आरमर्ड केबल द्वारा रिप्लेस करना प्रस्तावित किया गया ताकि भविष्य में स्ट्रीट लाइट संचालन में असुविधा न उत्पन्न हो।
12. नई सड़क, कुम्हारवाडा व तहसील रोड पर केबल पूर्व में डाले जाने व पोल फाउण्डेशन का स्थान बदलने से केबल में जोइन्टीग करनी पडी हैं व केबल फाउण्डेशन के बाहर आ रही हैं। संवेदक को ऐसे स्थानों पर फ्लेक्सीबल डीडब्ल्यूसी पाइप केबल पर चढाने के निर्देश दिये गये।
13. नई सडक व कुम्हारवाडा रोड पर कुछ स्पान केबल में करण्ट लीकेज की समस्या आ रही हैं जिस हेतु संबंधित फर्म को उक्त केबल बदले जाने हेतु आदेशित किया जाना प्रस्तावित हैं।

कमेटी सदस्यों द्वारा आज किये गये निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि फर्म मैसर्स टेक मार्टज प्लस व मैसर्स सचदेवा इलेक्ट्रिकल्स (जे.वी.) द्वारा नगरपालिका नाथद्वारा द्वारा अन्तिम नोटिस दिये जाने के पश्चात् कार्य की गुणवत्ता में संतोषजनक सुधार किया हैं व आज के निरीक्षण के दौरान बताये गये निर्देशों की तीन दिवस में पालना करने की प्रतिबद्धता दिखायी गयी हैं। संवेदक द्वारा मौके पर इलेक्ट्रिकल इंजीनियर को सुपरविजन हेतु नियुक्त कर दिया गया हैं। संवेदक द्वारा पोल के ऑवरहेंग व कटआउट के एलईडी बल्ब में नये लोट के अंतर्गत सुधार कर दिया गया हैं एवं पूर्व में लगे पोल के ऑवरहेंग व कटआउट के एलईडी बल्ब में सुधार करने की सहमति व्यक्त की गयी हैं।

अतः सभी समिति सदस्यों द्वारा इस विषय पर सहमति व्यक्त की गयी कि संवेदक को आज ही पत्र द्वारा सूचित कर आगामी 15 दिवस के भीतर पूर्व में दिये गये सबवर्क–ऑर्डर व आज दिनांक को दिये गये निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने हेतु पाबंद किया जाए। 15 दिवस पश्चात् नगरपालिका के तकनीकी अधिकारी व आयुक्त महोदय को कार्यस्थल की वस्तुस्थिति के आधार पर अन्तिम निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया जाता हैं तथा इसी कम में समिति द्वारा कार्य संतोषप्रद न होने पर आयुक्त महोदय को राजस्थान उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 की धारा संख्या 46(4) के तहत् कार्यवाही करने हेतु अधिकृत करती हैं।

(प्रतीक नामा)
कनिष्ठ अभियंता
नगरपालिका नाथद्वारा

(चन्द्रमोहन कौशिक)
सहायक अभियंता
नगरपालिका नाथद्वारा

(फतेहसिंह)
सहायक अभियंता
नगरपालिका नाथद्वारा

(रितेश पाटीदार)
सदस्य सचिव एवं
अधिशाषी / सहा0 अभियंता (विघुत)
नगर निगम, उदयपुर

कनिष्ठ अभियन्ता
नगरपालिका, नाथद्वारा

सहायक अभियन्ता
नगर पालिका नाथद्वारा (राज.)

सहायक अभियन्ता
नगर पालिका नाथद्वारा (राज.)

(कमलेश कुमावत)
पार्षद वार्ड न0 33
नगरपालिका नाथद्वारा

(गोपेश बागोरा)
पार्षद वार्ड न023
नगरपालिका नाथद्वारा

(मनीष राठी)
अध्यक्ष
नगरपालिका नाथद्वारा

अध्यक्ष
नगरपालिका, नाथद्वारा

E:\Bherulal\Letter\2022\feb\Inspection report 15-2 street light.docx